# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: 1981/गोप0/M.Com./25

दिनांक: 02.06.2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
सम्बद्ध एम.काम. पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर–222003 (उ0प्र0)

विषय :– एम.काम. चतुर्थ सेमेस्टर में डिजरटेशन के मूल्यांकन हेतु नामित वाह्य परीक्षकों से कराने तथा उनके पारिश्रमिक का भुगतान के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मा0 कुलपति महोदया के आदेश दिनांक: 30.05.2025 के अनुपालन में एम.काम. पाठ्यक्रम में **Dessertation** मूल्यांकन के सम्बन्ध में निम्नलिखित दिशा निर्देश दिये गये है:–

1. एम.काम. पाठ्यक्रम के द्वितीय सेमेस्टर के **Dessertation** मूल्यांकन के सम्बन्ध में वाह्य परीक्षक से कराये जाने पर विचार करने हेतु एक समिति गठित की जा रही है तदुपरान्त समिति की आख्या तथा सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त सत्र 2025–26 से लागू किये जाने के सम्बन्ध में पृथक से आदेश निर्गत किये जायेंगे तब तक सत्र 2024–25 के द्वितीय समेस्टर में पूर्ववत् आन्तरिक मूल्यांकन किया जायेगा।
2. एम.काम. चतुर्थ सेमेस्टर में **Dessertation** की व्यवस्था लागू है जिसका मूल्यांकन महाविद्यालय पर ही सुपरवाइजर तथा विश्वविद्यालय द्वारा नामित वाह्य परीक्षक से ही संयुक्त रूप से कराया जाना है।
3. मा0 कुलपति जी द्वारा उत्तर प्रदेश शासनादेश के संख्या 176/सत्तर–1–2019–15(32)/81, दिनांक: 09 मार्च 2019 द्वारा लघुशोध मूल्यांकन हेतु निर्धारितरू0 80/– की दर से प्रत्येक थीसिस का पारिश्रमिक भुगतान किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी है।

अतः आप कृपया एम.काम. पाठ्यक्रम के **Dessertation** मूल्यांकन के सम्बन्ध में उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त सम्बन्धित परीक्षकगण।
2. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. आशुलिपिक वित्तअधिकारी।

परीक्षा नियंत्रक